# बुलढाणा में पहला कृषि वितरण केंद्र शुरू

**बुलढाणा** - शहर में किसानों के विकास के लिए कृषि के विविध साहित्यों का पहला शो रुम प्रारंभ किया गया है. देश की बढ़ती आबादी व तेजी से कम हो रही जमीन को देखते हुए आगामी समय में लोगों की भूख मिटाने के लिए सरकार की ओर से भी खेती को ही प्राथमिकता दी जाएगी. उस समय जलापूर्ति की भी किल्लते होगी. ऐसे समय में इपीसी के अत्याधुनिक तकनीकी से विकसित किए गए माइक्रो साहित्यों की ही आवश्यकता होगी. बुलढाणा जिले में जलापूर्ति की किल्लते पहले से हैं. इसलिए शहर में यह केंद्र स्थापन करने की जानकारी शर्मा ने दी. यह कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर १२ बजे लिया गया. इस शो रुम में खेती के लिए आवश्यक सभी आधुनिक साहित्य उपलब्ध कराया जानेवाला है. किसानों को खेती मामले में मार्गदर्शन भी किया जाएगा. खेती की मिट्टी जांच प्रक्रिया के पश्चात खेती में किस प्रकार की दवाइयां व रसायनीक खाद का की जानकारी भी मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी. इस समय कार्यक्रम में इपीसी इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष सुनील जानसन, बुलढाणा अर्बन के राधेश्याम चांडक, जिला कृषि अधिकारी पी.के. लहाले, सूचना अधिकारी रवी गिते, पंडित प्रधान, रामकृष्ण शेटे आदि उपस्थित थे.